तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 19 जून 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 बलौदाबाजार कांड में बेकसूर लोगों को किया जा रहा गिरफ्तार : राजकिशोर



# जिले में हर तीन पंचायत में एक धान खरीदी केन्द्र खोले जाने की तैयारी

## बैंक और सहकारिता विभाग जुटा रहा पंचायतों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में कुछ वर्षों से बढ़ रहे खेती के रकबे और धान उत्पादन को लेकर राज्य शासन ने जिले में तीन ग्राम पंचायतों के मध्य एक धान खरीदी केन्द्र खोले जाने की योजना अंतर्गत जिला प्रशासन से इस संबंध में जानकारी मांगी है। सहकारिता विभाग और सहकारी बैंक प्रबंधन शासन के इस निर्देश पर अमल करते हुए नये धान खरीदी केन्द्र को लेकर जानकारी तैयार करने में जुट गया है।

प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद कृषि और ग्रामीण अंचलों के अधोसंरचना विकास को लेकर योजनाएं बनाई जा रही है। इसी तारतम्य में प्रदेश में तीन ग्राम पंचायतों के मध्य एक धान खरीदी केन्द्र खोले जाने की घोषणा सरकार में आने के पूर्व भाजपा ने की थी। इसी कड़ी में अचार संहिता समाप्त होने के बाद राज्य सरकार ने इस दिशा पर कार्यवाही शुरू कर दी है। इसे लेकर जिला प्रशासन को एक पत्र राज्य शासन से मिला है, जिसमें तीन ग्राम पंचायतों के मध्य नये धान खरीदी केन्द्र खोले जाने के संबंध में पंचायतवार किसानों की आबादी धान का उत्पादन और पुराने धान खरीदी केन्द्र से ग्राम पंचायतों की दूरी ऐसे कई बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है। शासन से मिले इस नये निर्देश के तारतम्य में जिला सहकारिता विभाग और सहकारी बैंक प्रबंधन ने अपने स्तर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों का डाटा संकलित कर नये धान खरीदी खोले जाने को लेकर तैयारियां शुरू कर दिया है। जिले में 400 ग्राम पंचायतें और 712 ग्राम हैं। जिनके लिए 41 आदिवासी सेवा सहकारी समिति एवं 14 धान उपार्जन केन्द्र सहित कुल 55 केन्द्रों में धान खरीदी होती है, जहां इस वर्ष 49 हजार किसानों ने धान बेचा था, इसके अलावा तीन नये धान खरीदी केन्द्र जिले में शुरू किए गए थे, आने वाले धान खरीदी में जिले को और भी धान खरीदी केन्द्रों की सौगात मिल सकती है।

### खास बातें

- शासन ने धान खरीदी केन्द्रों के विस्तार योजना के अंतर्गत मांगी है जिला प्रशासन से जानकारी
- दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों को मिलेगी सुविधा



### लेमरू में बना नया केन्द्र

कोरबा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लेमरू में बीते वर्ष धान खरीदी का नया केन्द्र खोला गया है और शुरूआती दौर से ही धान की आवक शुरू हो गई है। सरकार द्वारा समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने से धान उत्पादन की ओर लोगों का रूझान बढ़ा है। यही कारण है की लेमरू जैसे दूरस्थ अंचल में धान की आवक बढ़ी है।

## खबर संक्षेप

### जिले में आज मनाया जाएगा विश्व सिकलसेल दिवस

**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समृद्ध और समावेशी भारत की कल्पना को साकार करते हुए देश को सिकल सेल एनीमिया मुक्त करने के लिए सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन प्रारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत 0 से 40 वर्ष के आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग कर पोर्टल में एंट्री की जा रही है। प्रतिवर्ष की भांति 19 जून को विश्व सिकल सेल दिवस मनाया जाएगा। विष्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इस वर्ष की थीम प्रगति के माध्यम से आषाः विष्व स्तर पर सिकल सेल देख-भाल को आगे बढ़ाना घोषित किया गया है। इस अवसर पर जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रो में सिकल सेल संबंधित जनजागरूकता, प्रचार-प्रसार, काउंसिलिंग तथा सिकल सेल जेनेटिक कार्ड वितरण किया जाएगा। इस संबंध में संबंधित संस्थाओं को पत्र जारी किए गए हैं।

### 100 विद्यार्थियों को रायपुर के संस्था में दिलाया जा रहा प्रवेश

**कोरबा।** जिला प्रशासन द्वारा कोरबा जिले के मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले 100 छात्र-छात्राओं (50 विज्ञान व 50 गणित) के लिए नीट व जेईई जैसी प्रवेश परीक्षा की गुणवत्तापूर्ण तैयारी हेतु रायपुर के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था ऐलेन में प्रवेश दिलाया जा रहा है। संस्था में प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों का शैक्षणिक शुल्क, भोजन, आवास सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कोरबा जिले के शासकीय विद्यालय से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं जो कि अपनी आगे की पढ़ाई गणित अथवा विज्ञान विषय लेकर करने इच्छुक हैं एवं आगे जेईई व नीट की तैयारी करना चाहते हैं। जिला स्तर पर गणित एवं विज्ञान विषय में रुचि रखने वाले दोनों संकाय के ऐसे 50-50 छात्र-छात्राओं का मेरिट आधार पर चयन किया गया है। साथ ही चयन प्रक्रिया में जिले में निर्धारित आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है। ये चयनित 100 छात्र-छात्राएं रायपुर में अगले दो वर्ष तक 11वीं व 12वीं कक्षा की अध्यापन के साथ ही जेईई व नीट की बेहतर तैयारी करेंगे। विद्यार्थियों के लिए कोचिंग सहित आवासीय सुविधा पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

### अतिथि व्याख्याता व शिक्षकों की भर्ती शीघ्रता से करें पूर्ण

**कोरबा।** समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में कोई भी भवनविहीन स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र न हो। इस संबंध में आवश्यकतानुसार डीएमएफ अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने के निर्देश भी दिए। एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन शालाओं में नए शैक्षणिक सत्र से शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। इस हेतु स्कूलों में रिक्त शिक्षकों के पदों पर अतिथि व्याख्याता व अतिथि शिक्षकों की भर्ती शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि उच्चतर विद्यालयों में विशिष्ट विषयों के पदों पर किसी शिक्षकों की कमी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के शिक्षित बेरोजगारों को शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों में रिक्त पदों पर रखने के निर्देश देते हुए आदिवासी विभाग से समन्वय बनाकर पीवीटीजी वर्ग के युवाओं को योग्यता अनुसार नियुक्ति देने की बात कही। कलेक्टर ने जिले में जाति प्रमाण पत्र बनाने कार्य की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु सभी एसडीएम व जिला शिक्षा अधिकारी को प्रभावी कार्ययोजना से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूलों में विद्युतीकरण, पहुँचमार्ग, विद्युतविहीन गांवों में विद्युतीकरण के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## नई इकाई स्थापना को लेकर सर्वे पूरा

# बंद पड़े कोरबा पूर्व संयंत्र में 660 मेगावाट की नई इकाई लगाने की कवायद शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बंद पड़े कोरबा पूर्व संयंत्र में 660 मेगावाट की एक नए इकाई लगाने की कवायद शुरु कर दी गई है। नए इकाई स्थापना को लेकर टीम द्वारा संयंत्र का सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। अब

### खास बात

- विद्युत कंपनी प्रबंधन कर रहा डीपीआर तैयार

विद्युत कंपनी प्रबंधन नए संयंत्र के लिए डीपीआर तैयार करने में जुट गया है। जल्द ही प्रस्ताव तैयार कर शासन के पास भेजा जाएगा। जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद नए संयंत्र स्थापना को लेकर काम शुरु किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 440 मेगावाट क्षमता वाले कोरबा पूर्व संयंत्र को बंद कर दिया गया है। 45 साल के लंबे सफर में इस संयंत्र ने न केवल अविभाजित मध्य प्रदेश को रोशन किया बल्कि देश के कई अन्य राज्यों को बिजली आपूर्ति की। 50-50 मेगावाट की चार इकाइयों को पहले बंद किया गया जिसके बाद 120 मेगावाट वाली दो इकाईयों को भी हमेशा के लिए बंद कर दिया गया। 31 दिसंबर यानी नए साल से एक दिन पहले रात ठीक 12 बजे छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की कोरबा पूर्व ताप विद्युत संयंत्र को पूरी तरह बंद कर दिया गया था। दरअसल, प्रदूषण अधिक होने के कारण नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने राज्य सरकार से इसे बंद करने की सिफारिश की थी। भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के सहयोग से 1976 और 1981 में कोरबा में विद्युत ताप संयंत्र की 120-120 मेगावाट की दो इकाइयों स्थापित की गई थीं। इसके बाद ही कोरबा को ऊर्जा नगरी के रूप में एक नहीं पहचान मिली थी। अपने 45 साल के इस सफर में प्लांट ने न केवल मध्य प्रदेश, बल्कि अन्य राज्यों को भी सेवाएं दी। दोनों इकाइयों से औसतन 90-90 मेगावॉट ही बिजली का उत्पादन हो रहा था। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) के द्वारा संयंत्र का संचालन किया जा रहा था। गौरतलब है कि 50 मेगावाट व 120 मेगावाट की दोनों संयंत्रों में 454 नियमित और 550 ठेका कर्मचारी कार्यरत थे। इनमें से 150 का हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कंपनी व डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में ट्रांसफर किया गया है। अब एक बार फिर बंद पड़े कोरबा पूर्व संयंत्र में नए संयंत्र की स्थापना की कवायद शुरु कर दी गई है। यहां 660 मेगावाट की सुपुर क्रिटिकल इकाई लगाने की तैयार की जा रही है। जिसके लिए सर्वे का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। विद्युत कंपनी द्वारा नए इकाई स्थापना को लेकर डीपीआर तैयार किया जा रहा है जिसके बाद आगे की कार्यवाही पूरी की जाएग।



फाइल फोटो

### राखड़ व्यवस्थापन बनेगी चुनौती


उल्लेखनीय है कि 440 मेगावाट कोरबा पूर्व प्लांट की पुरानी इकाईयों के बंद होने के बाद यहां नई इकाई स्थापना की संभावना तलाश की जा रही थी। विद्युत कंपनी द्वारा यहां 660 मेगावाट की एक नई इकाई स्थापना की योजना बनाई गई है। डीएसपीएम संयंत्र की तरह ही इस नई इकाई के लिए भी जमीन, पानी, कोयला लिकेंज, कोयले की परिवहन सहित अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध है। हालांकि राख व्यवस्थापन नए इकाई की स्थापना की दिशा में एक बड़ी चुनौती है। इसका समाधान होने पर ही इकाई स्थापना का काम पूरा किया जा सकेगा।

# नगर निगम के दो इंजीनियर को एसीबी की टीम ने घूस लेते पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



डी सी सोनकर



देवेंद्र स्वर्णकार

नगर निगम के सहायक अभियंता व उप अभियंता को निर्माण कार्य के रनिंग बल व फाइनल बिल में 2 प्रतिशत की कमीशन की राशि के 35 हजार रुपए नगद घूस लेते हुए बिलासपुर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की कार्यवाही से विभाग में हड़कंप मच गया है। एंटी करप्शन की टीम लगातार घूसखोरों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है।

### खास बात

- दोनों अधिकारी नगर निगम के दर्री जोन में हैं पदस्थ, ठेकेदार से रनिंग व फाइनल बिल के लिए 2 प्रतिशत की हुई थी डिमांड

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शहर के ढोढ़ीपारा के पूर्व पार्षद मनकराम साहू ने बिलासपुर एसीबी से लिखित में शिकायत की थी कि नगर निगम कोरबा के दर्री जोन के अधिकारियों द्वारा ठेकेदार द्वारा निर्माण किए गए कार्य की एवज में रनिंग बल व फाइनल बिल के भुगतान करने के लिए 2 प्रतिशत कमीशन की डिमांड की जा रही थी। मनकराम साहू ने खुद से 42 हजार की डिमांड किए जाने की शिकायत की थी। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने अधिकारियों को घूस लेते रंगेहाथ पकड़ने की योजना बनाई। मंगलवार को टीम कोरबा पहुंची। जहां कमीशन की राशि के रूप में 35 हजार रुपए लेते हुए सहायक अभियंता डी सी सोनकर व उप अभियंता देवेंद्र कुमार स्वर्णकार को एसीबी ने रंगेहाथ पकड़ लिया। जहां दोनों के खिलाफ धारा 7, 12 पीसी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। ज्ञात रहे कि पिछले माह की एंटी करप्शन की टीम ने पाली में भी घुस लेते हुए नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी को रंगेहाथों पकड़ा गया था। अब एसीबी की टीम ने नगर निगम ने कार्यवाही की है जिससे विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

### घूसखोरों पर कसेगा शिकंजा

जिले के सरकारी विभागों में काम करने वाले अधिकारी कर्मचारी भोले भाले लोगों से काम करने की एवज पर मोटी रकम की मांग करते हैं। राज्य सरकार ने एसीबी को फ्री हैंड कर दिया है और ऐसे लोगों को जमकर सबक सिखाने का फरमान जारी किया है। जब से सरकार का गठन हुआ तब से एसीबी की टीम प्रदेश भर के विभिन्न जिलों पर घूसखोरों के खिलाफ लगातार एक्शन में नजर आ रही है। निश्चित तौर पर एसीबी की इस की कार्रवाई से ऐसे घूसखोर अफसर व कर्मचारियों पर शिकंजा कसेगा।

# श्रमिक योजनाओं का लाभ देने श्रमिकों का कराएं पंजीयन : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य सरकार श्रमिकों के लिए नये-नये फैसलें ले रही हैं। कामकाजी श्रमिकों की दिक्कत को महसूस करते हुए उन्हें उनके कार्य स्थल के पास किफायती दर पर भोजन उपलब्ध कराने के लिए मॉडल श्रम अन्न केन्द्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। यह केन्द्र रायपुर, कोरबा और कुनकुरी में खुलेंगे।

### खास बात

- कोरबा, रायपुर, कुनकुरी में खुलेगा माडल श्रम अन्न केन्द्र

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि मॉडल श्रम अन्न केन्द्र रायपुर के तेलीबांधा, कोरबा के नगर निगम बुधवारी टंकी और कुनकुरी में स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में 9 जिलों में 24 जगहों पर श्रम अन्न केंद्र संचालित हो रहे हैं। योजना का विस्तार करते हुए 13 जिलों के 27 स्थानों पर नवीन श्रम अन्न केंद्र शुरु किए जाएंगे। बैठक में नवा रायपुर स्थित मंडल कार्यालय में श्रमायुक्त एवं सह-सचिव श्रीमती अलरमेल मंगई डी, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मण्डल की सचिव श्रीमती सविता मिश्रा, अपर श्रमायुक्त एसएल जांगडे सहित श्रम विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। श्रम मंत्री श्री देवांगन ने श्रम विभाग के मण्डलों में असंगठित एवं निर्माण श्रमिकों के पंजीयन, योजनाओं के आवेदनों के निराकरण में श्रमिकों अभिलेखों का सुस्पष्ट मिलान कर शत प्रतिशत पात्र श्रमिकों को लाभ प्रदाय करना सुनिश्चित करें। साथ ही ऐसे श्रमिक जिनके अभिलेख में कमी, त्रुटि पाई जाती है उन श्रमिकों से अभिलेख पूर्ण कराकर पंजीयन, योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए प्रदेश में निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना संचालित की जा रही है। जिसके अंतर्गत अब तक कुल 1534 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 927 आवेदन प्रक्रियाधीन है। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल ⏭ शेष पेज 3 पर



# आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खेत में धान की बुआई करने के लिए गांव के तीन लोग खेत पर काम कर रहे थे कि इसी दौरान मौसम ने अचानक करवट बदली और तेज आंधी के साथ जमकर बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए खेत में काम कर रहे एक महिला सहित तीन लोग महुआ पेड़ के नीचे शरण लेने जा पहुंचे। जहां इसी बीच आकाशीय बिजली सीधे महुआ पेड़ पर आ गिरी। जहां आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

### खास बातें

- कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम कर्रा की घटना
- खेत में धान की बुआई करने पहुंचे थे सभी लोग

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कर्रा निवासी तरुण कंवर के खेत में धान की बुआई करने के लिए उसकी पत्नी बसंती कंवर 38 वर्ष, इसी गांव में निवास करने वाला भुवनेश्वर कंवर 45 वर्ष पिता परसराम कंवर व मनबोध नामक युवक खेत पर पहुंचे हुए थे और खेत पर धान की बुआई कर रहे थे कि इसी दौरान दोपहर लगभग 3 बजे मौसम में अचानक करवट बदली और तेज आंधी बारिश शुरू हो गई। देखते-देखते तेज बारिश शुरू हो गई और बारिश से बचने के लिए बसंती, भुवनेश्वर व मनबोध खेत के पास स्थित महुआ पेड़ पर जा पहुंचे और इसी दौरान महुआ पेड़ पर ही आकाशीय बिजली आ गिरी जिसकी जद में आते ही बसंती कंवर व भुवनेश्वर कंवर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मनबोध गंभीर रूप से घायल हो गया। पास में काम कर रहे लोगों को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी जब इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना प्रशासन और पुलिस को दी गई। जहां प्रशासन पुलिस की मदद से गंभीर रूप से घायल मनबोध को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है जबकि बसंती और भुवनेश्वर की मौत से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।



आकाशीय बिजली गिरने से मृत ग्रामीणोंका शव।

## टीएल बैठक में कलेक्टर ने योजनाओं की समीक्षा की

# अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण समय पर निपटाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में विभागवार योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रगति,एवं जनहित के महत्वपूर्ण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आम नागरिकों से जुड़े कार्यों व समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए उन्हें राहत पहुँचाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी, खाद बीज वितरण, पीएम जनमन योजना सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं, निर्माण कार्यों, अभिलेख शुद्धता, नक्शा बटांकन, आदि राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए टीएल के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अविवादित बंटवारा, नामांतरण एवं सीमांकन के प्रकरण अनावश्यक लंबित नहीं होने चाहिए। कलेक्टर श्री वसंत ने विभागीय कार्यों के क्रियान्वयन और अन्य गतिविधियों पर चर्चा करते हुए सभी एसडीएम सहित अधिकारियों को फील्ड पर जाकर विभागीय कार्यों तथा निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी जमीनी स्तर से प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिक्रमण पर विशेष नजर रखने एवं जिले में ग्रामीण, शहरी इलाकों में हाल ही में किए गए शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को शीघ्र हटाने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी कोरबा अरविंद पीएम, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी, समस्त एसडीएम सहित सभी विभागों में अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में दिशा निर्देश देते कलेक्टर।





# 'कनप्पा' के टीजर में अक्षय और प्रभास को देख फैंस हुए क्रेजी...

**मुंबई।** हाल ही फिल्म 'कनप्पा' का टीजर रिलीज किया गया, जिसने फैंस के बीच खलबली मचा दी है। इस फिल्म में एक-दो बल्कि कई बड़े स्टार्स हैं, जिनकी झलक देख फैंस क्रेजी हो गए। अक्षय कुमार और प्रभास भी 'कनप्पा' का हिस्सा हैं और उन्हें टीजर में देख फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। लेकिन 'कनप्पा' के टीजर में प्रभास और अक्षय कुमार दोनों को ही पहचान पाना मुश्किल है। कनप्पा में विशाल मंचू लीड रोल में हैं और वह भगवान शिव के भक्त बने हैं। टीजर में उनका लुक एकदम हैरान कर देने वाला है। वहीं अक्ख्य कुमार और प्रभास के माथे व आंखों वाले हिस्से को टीजर में दिखाया गया है। 'कनप्पा' के टीजर में वायुलिंगम को चुराने के प्रयासों की कहानी बताई गई है।

## लाइफ Style

# कियारा

## एटीट्यूड को लेकर वीडियो वायरल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेज में से एक हैं। एक्ट्रेस को आखिरी बार फिल्म कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म सत्यप्रेम की कथा में देखा गया था। जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। दर्शकों ने इस फिल्म को काफी पसंद किया था।

अब वह साउथ के सुपरस्टार राम चरण के साथ नजर आने वाली हैं, लेकिन फिल्म से पहले एक्ट्रेस को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कहा जा रहा है कि कियारा एक एटीट्यूड एक्ट्रेस है। आइए जाने क्या है ये पूरा मामला। कियारा आडवाणी अकसर फ्लाइट में ट्रेवल करती रहती हैं। इस दौरान वह कई क्रू मेंबर्स से भी मिलती हैं। वहीं अब एक एयर होस्टेस का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कियारा को एटीट्यूड वाली एक्ट्रेस बता रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक यूट्यूब चैनल के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में एक केबिन क्रू ने खुलासा किया कि उनका और उनके सहयोगियों का एक्ट्रेस कियारा के साथ अच्छा अनुभव नहीं था। वह 'बहुत अधिक एटीट्यूड रखती हैं'।

सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें क्रू मेंबर बोलती नजर आ रही है कि, जब मेरे साथियों ने कियारा को काजू और बादाम दिए तो उन्होंने बहुत ही बेरहमी से इनकार कर दिया और उनसे अपने असिस्टेंट को बुलाने के लिए कहा ताकि वो उन्हें काजू दे सकें। इस इंटरव्यू में केबिन क्रू मेंबर ने कहा कि जान्हवी कपूर और अनन्या पांडे बहुत अच्छी हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# 'हाउस ऑफ...' सीजन-2 रिलीज...

**लॉस एंजिलिस।** मशहूर सीरीज 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' सीजन 2 का प्रीमियर रविवार से शुरू हो गया। इस सीजन में हाउस ऑफ ड्रैगन्स के दूसरे सीजन के साथ ही ड्रैगन्स की कहानी फिर से शुरू होगी। दरअसल, दो साल के अंतराल के बाद एचबीओ की एमी-नॉमिनेटेड ओरिजिनल सीरीज हाउस ऑफ द ड्रैगन अपने दूसरे सीजन के लिए दर्शकों के बीच धमाल मचाने के लिए वापस आ गई है। दूसरे सीजन का पहला एपिसोड रविवार को रिलीज किया गया।




# कुछ पोज कभी पुराने नहीं होते

**लॉस एंजिलिस।** सलमा हायेक की खूबसूरती की दुनिया मुरीद है। मेक्सकिो में पैदा हुई अमेरिकी एक्ट्रेस ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है। 57 साल की सलमा ने इंस्टाग्राम पर स्वमिसूट में अपनी नई तस्वीर शेयर की है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने लगभग दो दशक पहले के थ्रोबैक शूट की भी फोटो डाली है, जिसके बाद उनके 'तब और अब' का जिक्र किया है। सलमान ने लिखा है कि 'कुछ पोज कभी पुराने नहीं होते।' अब उनकी इन तस्वीरों को देख दीवाने हुए जा रहे हैं। सलमा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में जो पहली फोटो शेयर की है, वह 'एच एंड एम' ब्रांड कैंपेन की 1999 की तस्वीर है। इसमें वह भूरे रंग की बिकनी सेट में नजर आ रही हैं।



# सोनाक्षी की वेडिंग में नहीं आएंगे पिता

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। सोशल मीडिया पर लीक हुए एक वीडियो के मुताबिक शादी के फंक्शन्स मुंबई में होंगे और परिवार ने इसके लिए 23 जून की तारीख मुकम्मल की है। फिल्ममेकर और सीबीएफसी के पूर्व चेयरमैन पहलाज निहलानी सिन्हा परिवार के क्लोज हैं और उन्होंने कन्फर्म किया है कि वो इस इवेंट का हिस्सा बनेंगे। पहलाज निहलानी ने उन अफवाहों का भी खंडन किया जिनमें बताया जा रहा है कि सोनाक्षी सिन्हा के पिता शत्रुघ्न सिन्हा उनकी बेटी की जहीर इकबाल के साथ शादी का हिस्सा नहीं बनेंगे। खुद को सोनाक्षी सिन्हा का 'मामा' कहने वाले प्रोड्यूसर पहलाज निहलानी ने बातचीत में कहा कि उनकी मौजूदगी के बिना शादी होगी ही नहीं।



# 'बॉर्डर-2' नहीं, 'सूर्या' की करेंगे शूटिंग

**मुंबई।** सनी देओल ने साल 2023 में 'गदर 2' से जबरदस्त कमबैक किया। इस फिल्म ने देश में 525.7 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया था, जबकि वर्ल्डवाइड 686 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया। सीक्वल फिल्म की सफलता को देखकर अब जहां सनी की 'बॉर्डर 2' की रिलीज की चर्चा जोर-शोर से हो रही है, वहीं खबर है कि इस फिल्म से पहले वह अपनी क्राइम-थ्रलिर 'सूर्या' की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। बीते गुरुवार को 'बॉर्डर 2' की रिलीज डेट का ऐलान हुआ है और यह फिल्म 2026 में गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज होनी है। जबकि नई रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल 2022 में शुरू हुई अपनी फिल्म 'सूर्या' को पहले पूरा करने में जुट गए हैं। सनी देओल के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। उनके खाते में 'लाहौर 1947' भी है।

## टीवी मसाला



# 'द ग्रेट इंडियन...' नहीं करना होगा लंबा इंतजार

**मुंबई।** टीवी पर कई साल तक दर्शकों को एंटरटेन करने के बाद फेमस कॉमेडियन कपिल शर्मा अब ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर नजर आ रहे हैं। उनका नया शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' को मिला-जुला रिएक्शन मिला है। इस शो में अब तक रणबीर कपूर से लेकर बॉबी देओल, आमिर खान और विक्की कौशल जैसे सितारे नजर आ चुके हैं। अब चूंकि शो का पहला सीजन खत्म होने की कगार पर है, ऐसे में इसके दूसरे सीजन को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है, जिससे फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। कपिल शर्मा ने 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन को लेकर कहा, 'ये 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का पहला सीजन शानदार रहा है। इसमें कई चीजें पहली बार हुई हैं और हम उन्हें हमेशा याद रखेंगे। हम दुनियाभर से मिल रहे प्यार के लिए शुक्रगुजार हैं। इस शो के लिए नेटफ्लिक्स के साथ काम करना काफी तसल्ली भरा अनुभव रहा और इसी के साथ हम वादा करते हैं कि हम अपने दर्शकों को अगले सीजन के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करवाएंगे।'

## दीपिका कर सकती हैं टीवी पर वापसी

**मुंबई।** 'ससुराल सिमर का' से फेमस एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ पर्दे से लंबे समय से गायब हैं। उन्होंने को-एक्टर शोएब इब्राहिम से शादी की। हालांकि उसके बाद काम किया लेकिन बाद में घर बैठ गईं और अपना यूट्यूब चैनल शुरू कर दिया। शोएब तो इंडस्ट्री में काम करते रहे लेकिन दीपिका ने सब बंद कर दिया। लेकिन लोग हमेशा यही पूछते कि वह पर्दे पर कब वापसी कर रही हैं, जिसका जवाब अब शोएब ने दिया है। हाल ही में इंस्टाग्राम पर सवाल-जवाब वाले सेशन में शोएब इब्राहिम ने अपने चाहने वालों की जिज्ञासाओं को शांत किया है। एक यूजर ने उनसे ये सवाल किया, 'दीपिका मैम क्यों टीवी इंडस्ट्री में वापस नहीं आ रही हैं?' इस पर शोएब ने नहीं, बल्कि दीपिका कक्कड़ ने खुद ही जवाब दिया। साथ ही चुटकी भी ली। दीपिका ने कहा, 'सिर्फ इसलिए क्योंकि इस वक्त मेरा मन नहीं है। इसका कोई कारण नहीं है। लाइफ में हर स्टेज पर आप कोई चीज तय करते हो और मेरी तरफ से मेरा पूरा फोकस और कमिटमेंट जहां है वो रूहान की तरफ है।'



# इंटरनेट पर छाया कैरविना का गाना 'ब्रोकन 'ट्रीहाउस'



**मुंबई।** 'गदर' जैसी फिल्म देने वाले निर्देशक अनिल शर्मा को भला कौन नहीं जानता। इस फिल्म में जीत का रोल अदा करने वाले उनके बेटे उत्कर्ष शर्मा के फैंस की भी कमी नहीं। लेकिन, आज हम आपको अनिल शर्मा की बिटिया कैरविना से मिलवा रहे हैं। प्रतिभा के मामले में वे भी अपने पिता और भाई से कम नहीं हैं। कैरविना संगीत की दुनिया में जादू रच रही हैं। उनका गाना 'ब्रोकन ट्रीहाउस' रिलीज हो चुका है और इंटरनेट पर धूम मचा रहा है। कैरविना शर्मा का गाना 'ब्रोकन ट्रीहाउस' रविवार 16 जून को फादर्स डे के अवसर पर रिलीज हुआ है। इस गाने को कैरविना ने लिखा है। इसे कंपोज भी उन्होंने ही किया है और यह गाना फिल्माया भी कैरविना पर ही गया है। उनके भाई और अभिनेता उत्कर्ष इसमें मददगार बने हैं। गाने की एडिटिंग का जिम्मा उत्कर्ष ने संभाला है।

## उर्वशी और रवि किशन की 'जेएनयू' का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं। दिग्गज अभिनेता रवि किशन भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रश्मि देसाई, विजय राज, पीयूष मिश्रा, सोनाली सैगल, अतुल पांडे और कुंज आनंद जैसे सितारे भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। अब निर्माताओं ने 'जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें उर्वशी समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है। 'जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' के ट्रेलर में छात्रों को कई गंभीर मुद्दे उठाते हुए देखा जा सकता है।




# शेयर कीं ग्लैमरस फोटोज



**मुंबई।** क्यूट एंड ब्यूटीफुल एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपनी कुछ तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं, जिनमें वो मिलान में वेकेशन एंजॉय करती नजर आ रहीं हैं। इन तस्वीरों में अनन्या पांडे मिलान में नाइट पार्टी करती नजर आ रहीं हैं, यहां देखें फोटोज। इन तस्वीरों में अनन्या पांडे बेहद ग्लैमरस लुक में नजर आ रहीं हैं, जिन पर फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। फोटोज में अनन्या पांडे बेज कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में काफी सिजलिंग लुक में नजर आ रहीं हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए अनन्या पांडे ने इन्हें कैप्शन दिया - रात में मिलान और कुछ सिंबल्स भी शेयर किए।

## फिट से हिट का फार्मूला

# फिल्मों के लिए स्टार्स ने किया गजब का बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन...

*मुंबई। कार्तिक आर्यन की फिल्म 'चंदू चैंपियन' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म के लिए कार्तिक आर्यन ने बहुत मेहनत की है। उन्होंने फिल्म के लिए 18 किलो वजन कम किया। इसके लिए कार्तिक आर्यन ने चीनी खाना तक छोड़ दिया था। आइए जानते हैं उन एक्टर्स के बारे में जिन्होंने फिल्मों के लिए हैरान करने वाला बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन किया है।*



**फरहान अख्तर :** साल 2013 में आई फिल्म 'भाग मिल्खा भाग' के लिए फरहान अख्तर ने एथलीट जैसी बॉडी बनाने के लिए तगड़ी मेहनत की थी। उन्होंने इस फिल्म के लिए पहले वेट को बढ़ाया था। उसके बाद, उन्होंने फिल्म में 15 किलो तक वजन घटाया था।



**विद्या बालन :** विद्या बालन ने अपनी फिल्म द डर्टी पिक्चर के लिए 12 किलो वजन बढ़ाया था। 'द डर्टी पिक्चर' में साउथ की मशहूर एक्ट्रेस सिल्क स्मिता की कहानी दिखाई थी।



**करीना कपूर:** साल 2008 में फिल्म 'टशन' आई थी। इस फिल्म के लिए करीना कपूर ने लगभग 20 किलो वजन घटाया था। इस फिल्म के बाद 'जीरो फिगर' टर्म चर्चा में आया था।



**भूमि पेडनेकर :** साल 2015 में आई फिल्म 'दम लगा के हईशा' के लिए भूमी पेडनेकर ने अपना वजन बढ़ाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के लिए उन्होंने 27 किलो वजन बढ़ाया था। फिल्म में उनका वजन 92 किलोग्राम था।



**आमिर खान :** आमिर खान की फिल्म 'दंगल' को दर्शकों से बहुत प्यार मिला था। इस फिल्म के लिए पहले आमिर खान ने 25 किलो वजन बढ़ाया था। वहीं, बाद में फिल्म में कुछ हिस्सों के लिए उन्होंने अपना वजन घटाया था।



**रणदीप हुड्डा :** रणदीप हुड्डा ने फिल्म 'वीर सावरकर' के लिए एक्सट्रीम बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन किया था। इस फिल्म से पहले रणदीप ने 'सरबजीत' फिल्म के लिए एक्सट्रीम वेट लॉस किया था। उन्होंने फिल्म के लिए 28 दिनों में 18 किलो वजन कम किया था।

# अल्लू की 'पुष्पा 2' की रिलीज टली...

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन साल 2021 में आई 'पुष्पाः द राइज' की दूसरी किस्त 'पुष्पाः द रूल' को लेकर सुर्खियां में हैं। 'पुष्पा' ने दर्शकों को इस कदर दीवाना बनाया था कि उन्हें 'पुष्पा 2' का बेसब्री से इतंजार हैं। यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, पिछले दिनों से चर्चा है कि इसकी रिलीज को टाला गया है। अब सूत्रों ने इस खबर की पुष्टि करते हुए 'पुष्पा 2' की नई रिलीज तारीख का भी खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, 'पुष्पा 2' अब 15 अगस्त, 2024 को रिलीज नहीं होगी। वह बोले, 'पुष्पा 2' में देरी के बारे में चर्चा कुछ समय से चल रही है, क्योंकि निर्माता इसे स्वतंत्रता दिवस 2024 तक पूरा करने की कोशिश में लगे थे। हालांकि, कल उन्होंने आखिरकार रिलीज टालने का फैसला किया है और नई तारीख की आधिकारिक घोषणा एक-दो दिन में होने की उम्मीद है।



## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न

**कोरबा।** बिलासा सेवा समिति द्वारा सोमवार को राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता बिलासपुर, कोरबा व राजनांदगांव जिलों में आयोजित किया गया। इस महाअभियान में कोरबा जिले के अन्तर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल सी.एस.ई.बी बुधवारी में शांति एवं सौहार्दपूर्ण संपन्न हुआ। इस महाअभियान के जिला परीक्षा प्रभारी व बिलासा सेवा समिति, छत्तीसगढ़ के संरक्षक राजू कैवर्त ने बताया कि बिलासा सेवा समिति गठन का मुख्य उद्देश्य वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को प्रतियोगिता के इस दौर में विभिन्न प्रतियोगताओं से रूबरू कराना है। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के साथ प्रथम स्थान से तीसवां स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत भी किया जाता है जिसमें प्रथम पुरस्कार 51हजार, द्वितीय 21 हजार ,तृतीय 11 हजार तथा शेष सांत्वना पुरस्कार रखा गया है। रविवार की सुबह 11 बजे से रोटरी क्लब, सी.एम.डी. चौक बिलासपुर में पुरस्कार वितरण किया जाएगा। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए विद्यार्थियों ने कहा युवा पीढ़ी के लिए सराहनीय कदम है।

### सर्पदंश से गंभीर युवक की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** घर के समीप पेड़ के नीचे आम बीनने गए युवक को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली निवासी आर्यन कुमार पैकरा आ. मुन्ना राम (17 वर्ष) 15 जून की शाम टार्च लेकर घर के समीप पेड़ के नीचे आम बीनने गया था। इसी दौरान जहरीले सांप ने उसे काट लिया। युवक तत्काल घर आकर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन युवक को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान आज सुबह मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सीतापुर।** ईंट भट्ठा में काम करके घर लौट रही नाबालिग से जबरन दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। सीतापुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग 13 जून को गांव के पास ईंट भट्ठा में काम करने के लिए गई हुई थी। काम खत्म होने के बाद किशोरी वापस अपने घर लौट रही थी इस दौरान काराबेल निवासी जयकुमार लकड़ा ने उसका रोक लिया। आरोपी जबरन किशोरी को खींचकर अपने घर के अंदर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच उपरान्त आरोपी काराबेल निवासी 25 वर्षीय जयकुमार लकड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को धारा 363, 366, 376 एवं पोक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

## निधन

### नितिन सचदेव



**कोरबा।** पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा के वरिष्ठ सदस्य रानी रोड निवासी किशन चंद सचदेव के पुत्र नितिन सचदेव 39 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में परिजनों व स्थानीय लोगों की उपस्थिति में किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार शोकसंतप्त छोड़ गए हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बंद पड़े कोरबा...

संचालन किया जा रहा था। गौरतलब है कि 50 मेगावाट व 120 मेगावाट की दोनों संयंत्रों में 454 नियमित और 550 ठेका कर्मचारी कार्यरत थे। इनमें से 150 का हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कंपनी व डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में ट्रांसफर किया गया है। अब एक बार फिर बंद पड़े कोरबा पूर्व संयंत्र में नए संयंत्र की स्थापना की कवायद शुरु कर दी गई है। यहां 660 मेगावाट की सुपुर क्रिटिकल इकाई लगाने की तैयार की जा रही है। जिसके लिए सर्वे का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। विद्युत कंपनी द्वारा नए इकाई स्थापना को लेकर डीपीआर तैयार किया जा रहा है जिसके बाद आगे की कार्यवाही पूरी की जाएग।

### योजनाओं का लाभ...

के अंतर्गत प्रदेश में कैलेण्डर वर्ष जनवरी से मई तक 2 लाख 47 हजार 742 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 25 हजार 700 आवेदनों का निराकरण किया गया। बैठक के दौरान श्रम मंत्री ने महतारी जतन योजना, नोनी-बाबू छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी पात्र श्रमिक परिवारों के बच्चों को इसका लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में कुल 6,386 कारखानें हैं, जिसमें 922 जोखिम श्रेणी के कारखानें के रूप में चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने बैठक में अत्यधिक जोखिम श्रेणी के कारखानों के निरीक्षण प्रत्येक वर्ष 2 से 3 बार किये जाने तथा निरीक्षण के दौरान स्वीकृत नक्शों के अनुरूप कारखाना निर्मित नहीं होने एवं कारखानों में दिए जा रहे प्रशिक्षण की जांच करने संबंधी निर्देश अधिकारियों को दिये।

## कोटवारों को गुजर-बसर करने के लिए शासन द्वारा दी गई थी

# कोटवारी जमीन बिक्री की खुलेगी फाइल, शासन से मिले निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोटवारों को गुजर-बसर करने के लिए दी गई सरकारी जमीन की खरीदी बिक्री के मामले की जांच के निर्देश राज्य शासन से मिले हैं। जिले में तहसीलों के अंतर्गत

**खास बात**

- लंबे समय से शासन के पास लंबित जमीन बिक्री का मामला



फाइल फोटो

कितनी कोटवारों की जमीन बिकी है इस मामले की फिर से फाईल खोली जाएगी और बिकी हुई जमीन के क्रेता विक्रेता के दस्तावेजों की जांच के बाद उनके निरस्त करने की कार्यवाही हेतु सिविल न्यायालय में वाद दायर किया जाएगा।

शासकीय जमीनों की खरीदी बिक्री की कड़ी में कोटवारी जमीन की भी खरीदी बिक्री शामिल है। बड़े पैमाने में कोटवारों ने राज्य शासन से गुजर बसर करने के लिए मिली जमीन की बिक्री की थी, जिसके पहले भी मामले राज्य शासन तक पहुंचे थे। शासन के राजस्व संहिता में उल्लेखित निर्देशों के अंतर्गत कोटवारी जमीन की बिक्री पर प्रतिबंध लगा हुआ है। उसके बावजूद उक्त जमीन की बिक्री होने के साथ साथ उनकी रजिस्ट्री भी हो रही है। अब राज्य शासन ने शासकीय जमीनों की खरीदी बिक्री की जांच कराने का निर्णय लेते हुए सबसे पहले कोटवारी जमीन पर फोकस किया है, जिसकी बिक्री जमीन कारोबारियों ने अपने अपने तरीके से की है। पहले भी कोटवारी जमीन को लेकर शासन से जांच के निर्देश मिले थे, किंतु इस बार निर्देश जो मिले हैं उसके अनुसार सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय के अंतर्गत पटवारी हल्के में हुई जमीन की बिक्री के दस्तावेजों की जांच होगी। कब कैसे बिक्री हुई इन सब बिंदुओं को जांच में शामिल किया जाएगा। राज्य शासन के इस निर्देश के बाद जिले के कोरबा, कटघोरा, पाली और पोड़ी उपरोडा अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय में जमीनों की फाईल खुलना शुरू हो गई है।

### सिविल न्यायालय में दायर होगा वाद

जमीन की खरीदी बिक्री के साथ दस्तावेज पंजीयन के बाद उनकी रजिस्ट्री निरस्त करने का अधिकार सिविल न्यायालय को है। अतः कोटवारी जमीन की खरीदी बिक्री के बाद की गई रजिस्ट्री को निरस्त कराने के लिए जिला प्रशासन सिविल न्यायालय में वाद दायर करेगा ताकि उनकी रजिस्ट्री निरस्त किया जा सके और बेची गई जमीन शासन के मद में शामिल की जा सके और भविष्य में कोटवारी जमीन के खरीदी बिक्री पर रोक लगाई जा सके। सिविल न्यायालय में वाद दायर करने के लिए दस्तावेज जांचने के बाद ही जिला प्रशासन कदम उठाएगा।

### रिकार्ड में दर्ज होगा अहस्तांतरण

कोटवारी जमीन की खरीदी बिक्री की जांच में सही पाए जाने पर उनके राजस्व रिकार्ड में अहस्तांतरण उल्लेखित किया जाएगा ताकि रिकार्ड में यह दर्ज रहे कि कोटवारी को मिली हुई जमीन की खरीदी बिक्री का हस्तांतरण नहीं हुआ है और यह जमीन अभी भी शासन द्वारा आबंटित है। कोरबा अनुविभाग अंतर्गत आने वाली कोरबा तहसील, अजगरबहार तहसील, भैसमा, करतला तहसील के अंतर्गत कोटवारी जमीन की बिक्री हुई है। अब उन तहसीलों में पुराने रिकार्डों की छानबीन होगी और कोटवारों से भी बयान दर्ज किए जाएंगे। शासन द्वारा दी गई जमीन उनके कब्जे में है या बिक्री कर दी गई है।

### मिले हैं जांच के निर्देश

कोटवारी जमीन के मामले को लेकर राज्य शासन से निर्देश मिले हैं उसके तहत राजस्व विभाग जांच की कार्यवाही करेगा।

-**अजीत वसंत,** कलेक्टर

कलेक्टर अजीत वसंत ने इस मामले को लेकर सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

# किसान वृक्ष मित्र योजना का दिया गया प्रशिक्षण



अतिथियों का सम्मान करते वन कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमण्डल के पाली वन परिक्षेत्र में शासन की महत्वपूर्ण योजना किसान वृक्ष मित्र योजना का वन परिक्षेत्र पाली, कटघोरा, चैतमा के चयनित हितग्राहियों का

**खास बात**

- वन मंडल कटघोरा के पाली वन परिक्षेत्र का आयोजन, प्रशिक्षण में शामिल हुए चयनित हितग्राही

प्रशिक्षण कार्यकम हाईटेक रोपणी पाली का निजी भूमि में टिशु कल्चर सागौन, मिलिया डुबिया, क्लोनल नीलगिरी, टिशु कल्चर बांस के पौधों का रोपण कर आर्थिक लाभ कैसे लिया जाए इसके लिए ओरियर पेपर मिल से आए विशेषज्ञयों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया एवं इस योजना के बारे में कटघोरा वनमण्डलाधिकारी के द्वारा हितग्राहियों को विस्तृत जानकारी दिया गया। हितग्राहियों को वन विभाग की ओर से पौधा एवं पौधों पर होने वाले व्यय की राशि प्रदान की जाती है। पौधा जीवित होने पर रोपण के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के हितग्राहियों को पौधों की सुरक्षा, खाद एवं देखरेख के लिए अनुदान राशि दिया जाता है। पौधा वृक्ष बनने के बाद नीलगिरी एवं बांस को ओरियर पेपर मिल स्वंय खरीदेगा, ओरियर पेपर मिल के हितग्राहियों के साथ एमओयू होगा। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी, उपवनमण्डलाधिकारी, ओरियर पेपर मिल से ओझा, वन परिक्षेत्र अधिकारी पाली, चैतमा एवं कटघोरा तथा वन विभाग के समस्त कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से परिसम्पतियां हटाने की सूचना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कार्यपालन अभियंता हसदेव बरॉज जल प्रबंध संभाग रामपुर, कोरबा द्वारा जिले के सर्व साधारण एवं कार्य संबंधितों को सूचित किया गया है कि आगामी वर्षाकाल 2024 के दौरान आवश्यकता होने पर बांगो बांध माचाडोली व हसदेव बरॉज दर्री से नदी में पानी प्रवाहित किया जाएगा। इस हेतु सर्व संबंधित उक्त बांध से नीचे, हसदेव नदी के किनारे, बाढ़ क्षेत्र में स्थापित अपने चल-अचल सम्पत्ति को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर लें। इसी प्रकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्थापित खनिज, खदान ठेकेदार, औद्योगिक इकाईयां, संस्थानों आदि को भी सूचित किया गया है कि वे अपनी परिसम्पत्तियों को बाढ़ क्षेत्र से बाहर कर लेना सुनिश्चित करें। आकस्मिक बाढ़ से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति के लिए जल प्रबंध संभाग उत्तरदायी नहीं होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आने वाले संभावित गांवो में बांगो, लेपरा, नुनिया, कछार, कोनकोना, पोड़ी-उपरोड़ा, चर्रा, पाराघाट, छिनमेर, सिरकीकला, केरा, पाथा, सिलीयारीपारा, तिलसाभाटा, हथमार, छिर्रापारा, डग्गुपारा, करमीपारा, जूनापारा, लोरीडांड, टुंगमुड़ा, तिलाईडाड़, नवागांव, झोरा, कौरीघाट, पोड़ीखोहा, डोंगाघाट, धनगांव, लोटलोटा, नर्मदा, औराकछार, झाबू, सोनगुड़ा, नवागांव, स्याहीमुडी, जेलगांव, चारपारा, खैरभावना, बलरामपुर, भलपहरी, जोगीपाली, कोहड़िया, राताखार, गेवराघाट, इमलीडुग्गु, कुदुरमाल, बरीडीह, मोहर, देवरी, चिचोली, कटबितला, झीका व ढिठोली शामिल हैं।

# आईटी कोरबा को सीआईटी बनाने उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंजीनियरिंग महाविद्यालयीन स्टाफ कॉलेज के अस्तित्त्व को बनाये रखने हेतु विगत कई वर्षो से शासन प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं। केंद्र सरकार की नयी योजना के तहत सभी सरकारी तकनीकी महाविद्यालयों को केंद्रीय इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बनाये जाने है, इसी क्रम में आई टी कोरबा महाविद्यालय को भी सम्मिलित किये जाने हेतु स्टाफ निरंतर प्रयासरत हैं। इसी तारतम्य में आज महाविद्यालयीन स्टाफ रायपुर में उप मुख्यमंत्री के निवास पर मिलकर ज्ञापन सौंपे। केन्द्रीय इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बन जाने पर कोरबा जिले का समग्र विकास होगा, तकनीकी क्षेत्रों का विस्तार होगा। इन्जीनियरींग में प्लेसमेंट का स्तर बढ़ेगा।

# पौधरोपण के साथ–साथ पौधों को सहेजने का भी लें संकल्पः नरेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


पौधरोपण करते पार्षद नरेंद्र देवांगन।

इशिका लाइफ फाउंडेशन की ओर से शारदा विहार में पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन, सभापति श्याम सुंदर सोनी शामिल हुए। पार्षद श्री देवांगन ने अभियान को सराहनीय पहल बताया और कहा कि हम सबको मिलकर पर्यावरण की रक्षा के लिए सार्वजनिक स्थानों, तालाबों किनारे अधिक से अधिक पीपल, नीम एवं फलदायक पौधे लगाने चाहिए ताकि पक्षियों को सहारा मिल सके और पर्यावरण के प्रदुषण से निजात मिल सके। पर्यावरण में बढ़ती जहरीली गैसों की वजह व पेड़ों की कमी के चलते पक्षी लुप्त होने लगे हैं। अब गांव देहात में भी पक्षियों की चहचाहट सुनाई नहीं पड़ती। पौधरोपण के साथ साथ हम सबको पौधों की रक्षा भी करनी चाहिए। इस अवसर पर इशिका लाइफ फाउंडेशन से गोपाल शर्मा, पूजा शर्मा, स्मिता सिंह, शारदा विहार विकास समिति से रवि वरदानी, मनोज विश्वकर्मा, नरेंद्र श्रीवास, विनोद अग्रवाल, नारायण प्रसाद शुक्ला, शिवाजी सिंह, रमाशंकर साहू, गुलाम हुसैन, दिलीप बिस्वास, राम बहादुर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तिकरण के लिए योग थीम पर मनाया जाएगा अंतराष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




21 जून अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस वर्ष की थीम महिला सशक्तिकरण के लिये योग के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत निशुल्क अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) जांच, निःशुल्क मधुमेह रक्त शर्करा जांच, तथा स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य, एवं असाध्य रोगों हेतु निशुल्क आयुर्वेद-योग, चिकित्सा परामर्श शिविर 21 जून को पतंजलि युवा भारत, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, विश्व हिंदू परिषद एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि चिकित्सालय,श्री शिव औषधालय एम.आई.जी. 20, राजेन्द्र प्रसाद नगर, फेस 2 निहारिका में प्रातः 10 बजे से मध्यान्ह 2 बजे तक आयोजित किया गया है। शिविर के विषय मे पतंजलि युवा भारत के राज्य संवाद प्रभारी संजय कूर्मवंशी ने बताते हुए कहा कि इस शिविर में छत्तीसगढ़ प्रान्त के सुप्रसिद्ध पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित ख्यातिलब्ध चिकित्सिका वैद्या डॉ.वागेश्वरी शर्मा एवं नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करेंगे। जो कैंसर, मधुमेह, थायरायड, ब्लडप्रेशर, श्वास, टी.बी.,लकवा, साइटिका, आस्टीयोपोरोसिस, गठियावात, पथरी, पीलिया, मस्तिष्कगत रोग माइग्रेन, डिप्रेशन, अनिद्रा, अम्लपित्त, बवासीर, भगंदर, गैस, दुर्बलता, बन्ध्यत्व (स्त्री-पुरुष), श्वेत प्रदर, रक्त प्रदर, हृदय रोग, चर्मरोग, सोरायसिस, एक्जिमा, शीतपित्त आदि स्त्री, पुरुषों एवं बच्चों के सभी प्रकार के सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य एवं असाध्य रोगों का त्रिविध प्रकार से स्वास्थ्य परीक्षण कर संबंधित रोग के नियंत्रण एवं उपचार हेतु परामर्श के साथ साथ उनके लिये उपयोगी योगाभ्यास तथा प्राणायाम का व्यक्तिगत रूप से अभ्यास कराकर विशेष प्रायोगिक प्रशिक्षण भी देंगे। साथ ही रोगियों को उनके लिये उपयोगी जीवनशैली के बारे में भी व्यक्तिगतरूप से परामर्श देने के साथ साथ उनके लिये लाभकारी दिनचर्या-ऋ तुचर्या, आहार-विहार के विषय मे व्यक्तिगतरूप से विस्तार से परामर्श देंगे। साथ ही शिविर में आये प्रथम 100 रोगियों की अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) की निशुल्क जांच कोलकाता के टैक्नीशियन द्वारा की जायेगी।

### आईसीएसआई परीक्षा की डेटशीट जारी

**कोरबा।** इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) की ओर से सीएस एग्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल की दिसंबर की परीक्षा की डेटशीट जारी की गई है। परीक्षा 21 दिसंबर से शुरू होगी। जानकारी के अनुसार 2017 और 2022 के पाठ्यक्रम के लिए यह परीक्षा होगी। सीएस एग्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल की परीक्षाएं 21 दिसंबर से शुरू होकर 30 दिसंबर को समाप्त होगी। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक रहेगी। प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए छात्रों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। किसी भी आपात स्थिति के लिए 31 दिसंबर से 3 जनवरी 2025 तक की तारीखें भी आरक्षित किया गया है। सीएस प्रोफेशनल के तहत वैकल्पिक विषय के लिए ओपन-बुक परीक्षा आयोजित किए जाएंगे।

### मानसून में देरी से पिछड़ी खेती किसानी, किसानों की बढ़ी टेंशन

**कोरबा।** मानसून इस बार 4 से 5 दिन पिछड़ गया है। किसानों को अच्छी बारिश के लिए और इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि मौसम विभाग के मुताबिक कोई सिस्टम फिलहाल सक्रिय नहीं है। इधर पिछले दिनों हुई अच्छी बारिश के बाद किसान खेती-किसानी की अपनी तैयारी में जुट गए हैं। सोसायटियों से खाद-बीज के वितरण में तेजी आ गई है। किसान समय से पहले खाद-बीज उठा ले रहे हैं ताकि ऐन वक्त पर किल्लत से जूझना न पड़े। इसी के साथ किसानों को अब अच्छी बारिश का इंतजार है। अभी स्थिति यह है कि मानसून पिछड़ जाने से खुर्रा बोनी की शुरूआत नहीं हो पा रही है। हालांकि खुर्रा बोनी से खेती कम होती है।

# टीईटी परीक्षा 23 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 23 जून को आयोजित की जाएगी। पहली से पांचवीं और छठवीं से आठवीं में अध्यापन की पात्रता के लिए यह परीक्षा दो पालियों में होगी। छत्तीसगढ़ में अब तक सात बार टीईटी हुई है। यह पहली बार है जब प्राइमरी की तुलना में मिडिल के लिए ज्यादा आवेदन हैं।

इस तरह से शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए दोनों पालियों में बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। व्यापमं से यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी कर दिए गए हैं। पिछली बार वर्ष 2022 में यह परीक्षा हुई थी। प्रदेश में तब करीब 7 लाख 81 हजार आवेदन मिले थे। हालांकि, उक्त वर्ष प्राइमरी और मिडिल दोनों कक्षाओं की पात्रता के लिए डीएलएड के साथ बीएड डिग्री वालों ने भी आवेदन किया था। बीएड डिग्री वाले ऐसे परीक्षार्थियों की संख्या भी अधिक थी, जो पहली पाली और दूसरी पाली दोनों परीक्षा में शामिल हुए थे। इस वजह से आवेदन संख्या अधिक थी। इस बार पहली से पांचवीं टीईटी के आवेदन में बीएड को अमान्य किया गया। उन्हें सिर्फ मिडिल के आवेदन के लिए पात्र किया गया। इसका असर आवेदन पर पड़ा है। इस बार प्राइमरी की तुलना में मिडिल के लिए ज्यादा आवेदन मिले हैं। गौरतलब है कि टीईटी के लिए इस बार प्रदेश के 33 जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसी तरह एडमिट कार्ड व्यापमं की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। व्यापमं की ओर से पिछले दिनों प्री एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी), प्री इंजीनियरिंग टेस्ट (पीईटी), प्री फार्मेसी टेस्ट (पीपीएचटी), एमसीए समेत अन्य की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। इसके मॉडल उत्तर जल्द जारी किए जाएंगे।

# महाविद्यालयों में शुरू हुआ दाखिले का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुसार 18 जून से सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू होनी है। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने तय किया है कि इस बार सभी कॉलेजों में प्रवेश यूनिवर्सिटी के पोर्टल से होगा, वहीं प्रवेश को लेकर वेबसाइट पर मार्गदर्शिका कॉलेज के प्राचार्यों के लिए जारी कर दिया है। इस साल नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक 4 साल का होना है। इस हिसाब से कॉलेजों में प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर आवेदन करना होगा। मेरिट लिस्ट के आधार पर कॉलेजों में एडमिशन दिया जाएगा।


## कोरबा मार्केट

**अपना फार्मेसी**
डॉक्टर सेवा उपलब्ध
डॉ.स्नेहा चंद्रा B.A.M.S.
सर्दी, खांसी, बुखार, श्वांस रोग, चर्म रोग, सफेद दाग, नसों व जोड़ों में दर्द, मधुमेह, शिशु रोग
सोम. से शनि. प्रातः 9.30 से 2.00 बजे तक एवं शाम 4.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक रविवार-9.30 बजे से 2.00 बजे तक
डॉ.बी.के. झलरिया MBBS
फैमिली एवं जनरल फिजिशियन
मधुमेह, रक्तचाप, दमा, बुखार, खून की कमी, शारीरिक कमजोरी एवं अन्य सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
सोम. से शनि. शाम 5.00 बजे से 7.00 बजे तक
डॉ.प्रियंका गोयल MBBS, DGO Gold Medalist
प्रसूति रोग, गर्भाशय की कैंसर, गर्भनिरोधक परामर्श एवं अन्य सभी प्रकार के स्त्री रोगों की परामर्श एवं ईलाज
सोम. से शनि. शाम 4.00 बजे से 6.00 बजे तक
आर.पी. नगर फेस-01, एच.आई.जी-08 शॉप नं.02 निहारिका, कोरबा
मो.9340230710



**अग्रवाल एजेंसी**
कोरबा, कटघोरा
99263 62800
98930 06380

**विद्यार्थी बचत योजना**
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, M.Com Msc व PET NEET, JEE की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये
**विद्यार्थी बुक डिपो**
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

## खबर संक्षेप



### डॉ. महंत व सांसद कल रहेंगे रामपुर विधानसभा के प्रवास पर

**कोरबा।** नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत व सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत 20 जून को रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 20 जून को उरगा (सलिहाभांठा) में सुबह 11 बजे सम्मेलाल जगत पूर्व सरपंच के निवास में कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात कर आभार व्यक्त करेंगे। दोपहर 12.30 बजे भैसमा में स्व. पितांबर सिंह कंवर के परिवार से मुलाकात कर शोक व्यक्त करेंगे। तत्पश्चात 1.30 बजे नोनबिर्रा रेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात कर आभार जताएंगे। दोपहर 3 बजे ग्राम घिनारा में पूर्व सरपंच जीवित लाल राठिया के निवास में दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### कोरबा में यूजीसी नेट परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित



**कोरबा।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा यूजीसी नेट जून का सफलतापूर्वक आयोजन जिले के दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको नगर में 18 जून को किया गया। इस परीक्षा की दोनों पालियों में अंचल एवं आसपास के क्षेत्र के पात्र 1374 परीक्षार्थियों में से 1147 परीक्षार्थी उपस्थित और 227 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कैलाश पंवार सिटी कॉर्डिनेटर, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी जिला ने इस परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए केन्द्राध्यक्ष, स्टाफ सदस्यों, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारियों, मीडिया प्रतिनिधियों के साथ सभी परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों का आभार जताया है।

### योग शिविर को सफल बनाने सभी निभाएं सहभागिता

**कोरबा।** 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने योग दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित होने वाले योग शिविर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी विभाग प्रमुखों को शिविर में हिस्सा लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी 21 जून को निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुँच कर योग शिविर में भाग लेंगे। साथ ही आम जनों की सहभागिता के लिए जन जागरूकता लाने हेतु कार्य करने के निर्देश दिए।

### शाला प्रवेशोत्सव को लेकर दिए निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर ने शाला प्रवेशोत्सव के साथ शाला स्तर से लेकर जिला स्तर तक आयोजित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव के तहत विद्यालयों की साफ-सफाई, शाला प्रवेशोत्सव हेतु नव प्रवेशी छात्रों की जानकारी तैयार करने, उन्हें निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण सहित अन्य तैयारियां जिला व विकासखण्ड स्तर पर पूर्ण कर लिया जाए। साथ ही आंगनबाड़ी से निकलने वाले सभी बच्चों का स्कूलों में दाखिला कराने की बात कही। कलेक्टर ने जिले में खाद-बीज भंडारण की समीक्षा करते हुए सभी समितियों में उन्नत किस्म की रासायनिक खाद एवं बीज का भंडारण कराने के निर्देश दिए।

### श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में रोजगार मेला आज

**कोरबा।** श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में कैम्पस प्लेसमेंट ड्राईव रोजगार मेला का आयोजन 19 जून को किया जा रहा है। रोजगार मेला में 120 छात्राओं ने पंजीयन कराया है। महाविद्यालय एवं आईसेक्ट के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सांसद ज्योत्सना महंत बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। महाविद्यालय के अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि अग्रवाल सभा द्वारा संचालित श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में उच्चशिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में बढ़ते हुए उपलब्धियों के साथ ही साथ पहली बार महाविद्यालय के विभिन्न संकायों बीए, बीएससी, बीकॉम, पीजीडीसीए, एमएससी, एमकाम, एमएसडब्ल्यू, बीएड अंतिम वर्ष में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए रोजगार मेला, केंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 19 जून को प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेले में, बिलासपुर, रायपुर, बैंगलोर की 20 से अधिक कंपनियों द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया है। इस दौरान सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर छात्र-छात्राओं को अपना आर्शीवचन देंगी। उक्त केंपस प्लेसमेंट ड्राइव में डाटा एंट्री ऑपरेटर, शैक्षणिक कार्य, हुमन रिसोर्स, प्रशासन, सॉफ्टवेयर डिजाइनिंग, लैब टेक्नीशियन, मेडिकल फील्ड, बैंकिंग एंड फाइनेंस, क्लर्क, टैली सहित अनेक पदों पर छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा।

### जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित किया गया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

# बलौदाबाजार कांड में बेकसूर लोगों को किया जा रहा गिरफ्तार : राजकिशोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बलौदाबाजार कांड में बेकसूर लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है लेकिन आयोजनकर्ता, टेंट लगाने वाले, भोजन व्यवस्था करने वालों को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है? वो पुलिस के नाक के नीचे बैठे है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के प्रतिनिधि मंडल को बुलाकर बात करते तो कोई रास्ता निकल जाता और जो जानकारी है उसको साझा करते।

उक्त बातें महापौर राजकिशोर प्रसाद ने छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा निहारिका सुभाष चौक में आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के दौरान कही। मंगलवार को बलौदाबाजार जिले की घटना एवं घटना के उपरांत प्रशासन एवं पुलिस के द्वारा अपेक्षा अनुरूप निर्णय न लेकर निरीह एवं आमजनमानस को लगातार परेशान किए जाने को लेकर एवं संपूर्ण छत्तीसगढ़ की लचर कानून व्यवस्था के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया था। धरना स्थल को संबोधित करते हुए कटघोरा विधानसभा के पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने कहा कि जब से राज्य में भाजपा



धरना को संबोधित करते महापौर राजकिशोर प्रसाद।

### बलौदाबाजार कांड की हो सीबीआई जांच

धरना प्रदर्शन आयोजन के सहप्रभारी हरीश परसाई ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश भर में धरना प्रदर्शन के माध्यम से प्रदेश की भाजपा सरकार से बलोदा बाजार घटना की सीबीआई जांच की मांग करती है और निर्दोष लोगों को जो पुलिस ने पकड़ के रखा है उन्हें छोड़ने की मांग करती है तथा गिरौधपुरी एवं बलौदा बाजार के असल दोषियों को पकड़ने की मांग करती है साथ ही साथ हम पुलिस से भी या मांग करते हैं कि वह सार्वजनिक करें।

की सरकार बनी है प्रदेश की कानून व्यवस्था खराब हो गयी। भाजपा सरकार के राज्य में अपराधी बेलगाम हो गये है। नागरिक और समाज का हौसला बनाये रखना और कोई घटना हो उससे पहले सख्ती से कार्यवाही करना सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन भाजपा सरकार सभी पैमानों और बिंदु में असफल हुयी है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कहा कि सतनाम समाज शांति का पुजारी है । गुरु घासीदास के अनुयायी होने के नाते हमेशा सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हैं। और आज भाजपा सरकार समाज के साथ षड्यंत्र करके छल कर रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहर श्रीमती सपना चौहान ने कहा कि बलोदा बाजार की घटना इस सरकार की नाकामी का नतीजा है । छत्तीसगढ़ में जब भी पुलिस के द्वारा आम जनता किसानों एवं आदिवासियों के ऊपर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया गया या गोलीकांड किया गया। तब तब भाजपा की सरकार रही है । भाजपा हमेशा आम जनता का दमन करती रही है। श्यामसुंदर सोनी,नारायण प्रसाद कुर्रे, महेन्द्र सिंह चौहान, प्रदीप पुरायणे, दुष्यंत शर्मा, देवप्रसाद रत्नाकर, पुष्पा पात्रे, राकेश पंकज, विकास सिंह (विक्की), यु आर महिलांगे, सनीस कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सहप्रभारी राजकिशोर प्रसाद ने किया और आभार प्रदर्शन संतोष राठौर ने किया। इस दौरान उषा तिवारी, देवप्रसाद रत्नाकर, रामकुमार सिंह राठौर, मुकेश राठौर, सुरेश सहगल, रवि खुंटे, विरेन्द्र चंदन, बुद्धेश्वर प्रसाद चौहान, विजय आनंद, अश्वनी पटेल, दीपक टण्डन, प्रशांत सिंह, नारायण लाल कुर्रे, गंगाराम भारद्वाज, टेकराम श्रीवास, बिसाहूराम कुम्भकार, संजू अग्रवाल, बसंत कुमार चन्द्रा, आरिफ खान, त्रिवेणी मिरी, गीता गभेल, द्रोपदी तिवारी, हाजी इकबाल दयाला सहित अन्य उपस्थित थे।

## नाबालिग की मौत, 13 माह बाद हमलावरों के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विवाह कार्यक्रम में शामिल होने गए एक 16 वर्षीय नाबालिग की कुछ लोगों ने जमकर पिटाई कर दी थी। इलाज के दौरान नाबालिग की रायपुर के मेकाहारा में मौता हो गई थी। मृत नाबालिग के परिजन न्याय के लिए चक्कर काट रहे थे। जब पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में मामला आया तो पुलिस ने तत्काल अज्ञात हमलावरों के खिलाफ धारा 304, 323., 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है।

### खास बातें

- लापरवाह पुलिस अफसरों पर गिरेगी गाज
- कुछ संदेहियों को पुलिस ने लिया हिरासत में, पूछताछ जारी
- विवाह समारोह में हुई थी मारपीट की घटना

ज्ञात रहे कि सिविल लाइन रामपुर थानांतर्गत ग्राम नकटीखार में निवासरत वीरेंद्र मंझवार 16 वर्ष अपने साथी सुंदर मंझवार के साथ 8 मार्च 2023 को करतला थाना क्षेत्र के ग्राम केराकछार शादी समारोह में शामिल होने गया था, जहां कुछ लोगों ने वीरेंद्र और उसके साथी की जमकर पिटाई कर दी थी। जिससे वीरेंद्र गंभीर रुप से घायल हो गया था और उसे प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में रेफर कर दिया गया था जहां 20 मार्च 2023 को उसकी मौत हो गई थी।

मामले में 13 माह बीत जाने के बाद भी न तो किसी थाने में एफआईआर हो सका और न ही पीड़ति परिवार बेटे को न्याय दिलाने के लिए थाने के चक्कर लगा रहे थे जब पुलिस कप्तान सिद्धार्थ तिवारी के संज्ञान में मामला सामने आया तो उन्होंने तत्काल जांच के निर्देश जारी कर दिए और करतला पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ धारा 304, 323., 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। मामले में संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सभवतः मामले के सभी आरोपियों को बुधवार को पुलिस गिरफ्तार कर सकती है तो वहीं दूसरी ओर मामले में लापरवाही बरतने वालों पर पुलिस कप्तान की गाज भी गिर सकती है।

## बैडमिंटन स्पर्धा के मेन ड्रॉ के लिए देवांशी और डोलेश का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

23वीं छत्तीसगढ़ राज्य जूनियर (19 वर्ष से कम आयु वर्ग बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता में शामिल होने वाली जिले की टीम के चयन के लिए कोरबा जिला बैडमिंटन संघ द्वारा चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया। नगर निगम आवासीय परिसर निहारिका स्थित एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना में सोमवार को हुई चयन स्पर्धा में विभिन्न ईवेंट के खिलाड़ियों को चुना गया। 19 वर्ष बालिका वर्ग में देवांशी बरेठ विजेता और अदिति देशमुख उप विजेता रही। इसी तरह 19 वर्ष बालक वर्ग से डोलेश डनसेना विजेता और इमौन लाजरस उपविजेता रहे।

चयन स्पर्धा के आधार पर विजयी खिलाड़ी आगामी माह 24 से 28 जुलाई को बिलासपुर में होने वाली योनेक्स सनराइज 23वीं छत्तीसगढ़ राज्य बैडमिंटन प्रतियोगिता के मेन ड्रा में खेल सकेंगे। अन्य प्रतिभागितयों को क्वालिफाइंग राउंड खेलने के बाद मेन ड्रॉ में खेलने का अवसर प्राप्त होगा। बालिका वर्ग में अन्वेशा निर्मलकर, आयुषी मजूमदार व आकृति टंडन और बालक वर्ग में आदित्य धनराज एवं सात्विक सिंह ने भी कोर्ट में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में सक्षम राज, समर्थ पांडेय, आरव चंदानी, अभिज्ञान देव, जीवितेश घोष, एल्विन जैकब और वी निलय ने भी उम्दा खेल प्रदर्शन कर दर्शकों में उत्साह भरा। कोरबा जिला बैडमिंटन संघ की ओर से सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान का उन्हें प्रोत्साहित किया। सत्यम सिंह, मिथिलेश सिंह व देवांशी बरेठ ने अंपायर सह रेफरी की जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अशोक शर्मा, सचिव गोपाल शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ शिरीन लाखे, कोषाध्यक्ष श्रीमती मधु पांडेय, सोनल फेलिक्स, संघ के मीडिया प्रभारी विकास पांडेय, जय किशन, आरपी टंडन, व्हीएम बरेठ, निलेश निर्मलकर, सुरेश देशमुख, भावना देशमुख, वंदना बरेठ, स्वाति सिंह, मिथिलेश सिंह समेत संघ के अन्य पदाधिकारी, सदस्य एवं पालकगण उपस्थित रहे। सभी ने चयनित खिलाड़ियों के लिए आगामी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। बिलासपुर में होने वाले स्टेट टूर्नामेंट में बालक एवं बालिका वर्ग समेत कुल पांच अलग-अलग ईवेंट खेले जाएंगे। इनमें बालक-बालिका सिंगल्स, बालक-बालिका डबल्स एवं मिक्स डबल्स के मुकाबले शामिल हैं।



प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते कार्यक्रम के अतिथि।

## साल वृक्ष की कटाई कर अवैध भंडारण, वन विभाग ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक ग्रामीण द्वारा जंगल से साल पेड़ों की अवैध रुप से कटाई कर उसे ग्रामीण ने अपने बाड़ी में छिपा दिया था। जब वन विभाग के अफसरों को इसकी भनक लगी तो वन विभाग की टीम ने ग्रामीण के घर में दबिश दी जहां उसके बाड़ी से 20 नग साल का गोला बरामद किया गया है। पकड़े गए ग्रामीण के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### खास बात

- कटघोरा वन मंडल के एकतमानगर रेंज का मामला

कटघोरा वनमण्डल अंतर्गत एतमानगर परिक्षेत्र में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति द्वारा साल वृक्ष की अवैध कटाई कर भण्डारण किया गया है। सूचना प्राप्त होते ही परिक्षेत्र अधिकारी एतमानगर द्वारा जांच दल गठित किया गया और जांच दल द्वारा आरोपी बृजपाल ग्राम रामपुर उम्र 48 वर्ष के घर बाड़ी में तलाशी ली गयी, जहां उनके द्वारा अवैध रूप से भण्डारित 20 नग साल का गोला, 1.888 घन मीटर तलाशी में पाया गया। उनके द्वारा किसी भी प्रकार का अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये जाने पर अवैध काष्ठ की जप्ती की गयी। सम्पूर्ण कार्यवाही एसडीओ कटघोरा संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में हुआ। जप्त काष्ठ का अनुमानित बाजार मूल्य 67 हजार 5 सौ रूपये है।



जप्त चिरान के साथ वन अमला।

## चावल वितरण में गड़बड़ी के मामले की जांच करेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सिलाई मशीन वितरण के गड़बड़ी के मामले की जांच के निर्देश दिए हुए एक दिन ही बीता था। गरीबों के चावल वितरण में गड़बड़ी का मामला सामने आया है, जिसकी जांच पुलिस को सौंप दी गई है। चावल वितरण में गड़बड़ी का मामला सामने आने के बाद विभाग ने पीडीएस दुकान संचालकों पर रिकव्हरी का आदेश जारी किया था, किंतु दुकान संचालकों ने खाद्य विभाग के आदेश को दरकिनार कर जुर्माना भी नहीं पटाया, तब विभाग ने मामले की शिकायत पुलिस से की।

### खास बात

- मामला डिंगापुर सहित दो शासकीय दुकानों का
- खाद्य विभाग ने दुकान संचालकों से रिकव्हरी के दिए थे निर्देश



इस पूरे मामले के अनुसार नगर पालिक निगम अंतर्गत डिंगापुर, भिलाईखुर्द, दादरखुर्द आदि क्षेत्रों में संचालित पीडीएस के दुकानों में पीडीएस दुकानों के संचालन स्व सहायता समूहों के द्वारा किया जा रहा है। इन वार्डों के दुकानों में बीते वर्ष सरकार की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत एपीएल, बीपीएल परिवारों को दिए जाने वाले चावल के बिक्री किए जाने की शिकायतें सामने आई थी। खाद्य विभाग ने इस पूरे मामले की तथ्यात्मक जांच की कार्यवाही की तो सरकारी चावल के बिक्री का मामला सामने आया। खाद्य विभाग ने इन दुकान संचालकों को नोटिस जारी कर जुर्माना पटाने का आदेश दिया था। किंतु इन पीडीएस दुकान संचालकों ने खाद्य विभाग के दिशा निर्देश को दरकिनार कर जुर्माना ही नहीं पटाया और बकायदा दुकानों का संचालन करते रहे। अंततः खाद्य विभाग ने पुलिस में इस प्रकरण की शिकायत दर्ज कराई। मानिकपुर चौकी में दर्ज शिकायत के अनुसार जांच की जा रही है। स्व सहायता समूहों के ऊपर दो लाख से अधिक का बकाया निकला है। जिसे पीडीएस दुकान संचालकों को पटाना था।

### रिकव्हरी के दिए हैं आदेश

यह मामला पुराना है चावल वितरण की गड़बड़ी को लेकर पीडीएस दुकान संचालकों से रिकव्हरी के आदेश दिए गए थे। जिसकी राशि विभाग को नहीं पटाई गई थी इसलिए यह मामला जांच में लिया गया है।

-**घनश्याम सिंह कंवर**, जिला खाद्य अधिकारी

### कार्यवाही जारी

पीडीएस दुकानों में चावल वितरण की गड़बड़ी को लेकर पुलिस में खाद्य विभाग के द्वारा शिकायत दर्ज की गई है, जिसकी जांच की जा रही है।

-**नेहा वर्मा**, एएसपी, कोरबा

### बड़े पैमाने पर बिक्री

सरकारी चावल की बिक्री शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण अंचलों में भी की जा रही है। कई एपीएल हितग्राही चावल नहीं लेते उनके चावल को दुकान संचालक संग्रहित कर मार्केट में बेच रहे हैं। सरकारी चावल के बिक्री का मामला एक वर्ष पूर्व ग्राम गोढ़ी में भी पकड़ में आया था, जिसका मामला खाद्य विभाग तक पहुंचा था। विभाग के द्वारा इस पूरे मामले की जांच पड़ताल की गई थी, जिसमें दुकान को आबंटित किए गए चावल और दुकान में उपलब्ध चावल की मात्रा में अंतर पाया गया था। इसी तरह सीतामणी का मामला भी सामने आया था। जिसकी जांच भी तत्कालीन खाद्य अधिकारी के नेतृत्व में की गई थी।

### दो शराब तस्करों से 15 लीटर महुआ शराब जप्त

**कोरबा।** मंगलवार को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम भालूभदरा जेंजरा थाना कटघोरा में महुआ शराब की खरीदी बिक्री की जा रही है। जिस पर कार्तिकराम पिता बुधराम से कुल 9.25 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। वहीं चंपाबाई पति शिवमंगल से 6 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। दोनों आरोपीयों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क)(ख)34(2) 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर लेकर जेल दाखिल कराया गया।




### नेशनल लोक अदालत के लिए बैठक का किया गया आयोजन

# सभी प्रकरणों में प्रस्ताव आवश्यक रूप से प्रस्तुत किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली एवं समस्त राजस्व न्यायालयों में आयोजित किया जावेगा। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र कुमार साहू के द्वारा शासकीय बीमा कंपनी के शाखा प्रबंधक एवं अधिवक्तागणों की बैठक ली गई। श्री साहू द्वारा सभी उपस्थित बीमा कंपनी के अधिकारियों एवं अधिवक्तागणों को चर्चा के दौरान निर्देशित दिया गया कि अधिक से अधिक चिन्हांकित प्रकरण जिसमें राजीनामा होने की संभावना हो उसकी सूची शीघ्र प्रदाय किया जावे। सभी प्रकरणों में प्रस्ताव आवश्यक रूप से प्रस्तुत किया जावें। सभी न्यायिक अधिकारियों को अधिक से अधिक राजीनामा योग्य समस्त प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखे जाने, प्रत्येक प्रकरणों में नोटिस/समंस जारी किये जाने एवं प्रत्येक प्रकरणों में यथासंभव प्रीसिंटिंग किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोरबा श्रीमती गरिमा शर्मा, श्रीमती अश्वनी चर्तुवेदी, श्रीमती ज्योति अग्रवाल, श्री कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा प्रताप चन्द्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती प्रतिक्षा अग्रवाल, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो श्री मंजीत जांगड़े, एवं श्रीमती ऋचा यादव सहित खगेश कुमार साहू शाखा प्रबंधक यूनाईटेड इंडिया कंपनी कोरबा, के.सी. सुनिल कुमार ओरियण्टल इंश्योरेन्स कंपनी, प्रताप केरकेट्टा न्यू इंडिया इश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड, बीमा कंपनी के वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन राठौर, एस.के. मोदी, अरूण बजाज, सुमन तिवारी, आवेदक के अधिवक्ता महेन्द्र अग्रवाल, सुनील यादव, सी.बी. राठौर, हरिश चन्द्र साहू एवं राजकुमार यादव उपस्थित हुये।



बैठक लेते प्रधान न्यायाधीश।

